# PRESS CLIPPING

Date : 07th February 2014

ICFAI University Jharkhand conducts
Panel Discussion on
"Need for Continuing education for working professionals for career growth"

# ज्ञान से बड़ी कोई शक्ति नहीं : डॉ खान




गुरुवार को इक्फाई विवि में आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन करते डॉ एए खान।

संगोष्ठी
इक्फाई विश्वविद्यालय

रांची | संवाददाता

ज्ञान से बड़ी कोई शक्ति नहीं है। इसके प्रकाश से विश्व प्रकाशित हो रहा है। राज्य में संसाधनों की कमी के बावजूद युवाओं को उच्च शिक्षा पर जोर देना होगा। ये बातें रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ एए खान ने कही। वह गुरुवार को इक्फाई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन कर रहे थे।

विवि के वीसी प्रो आरएस राव सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसमें बैंकिंग, अनुसंधान, दूरसंचार, उद्योग जगत और सरकारी महकमे के लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर विवि द्वारा एमबीए और पीएचडी के प्रोस्पेक्टस का विमोचन भी किया गया।

## साझा किए अनुभव

संगोष्ठी में उपस्थित अतिथियों ने छात्र-छात्राओं से अपने अनुभवों को साझा किया। इनमें आरयू के पूर्व वीसी डॉ केके नाग, सीसीएल महाप्रबंधक बी त्रिवेदी, सीसीएल के माहप्रबंधक (कार्मिक) सीएस झा, आईआईएससीओ के पूर्व महाप्रबंधक एनके झा, प्रवीण कला के अलावा झारखंड पर्यटन, एचईसी, पेंटालूंस, आदित्य बिरला ग्रुप के अधिकारियों ने भी अपने अनुभव बांटे।

the pioneer
RANCHI | FRIDAY | FEBRUARY 7, 2014

capital 03

## ICFAI CONDUCTS DISCUSSION ON CAREER GROWTH

ICFAI University organized a panel discussion titled 'Need for Continuing education for working professionals for career growth on Thursday wherein a number of practicing professionals from academics, research, industry, banking, telecom and government participated. University's VC Professor ORS Rao highlighted the need for working professionals to pursue higher education for their growth professionally and personally. Addressing the audience as Chief Guest, Dr AA Khan, former VC of Ranchi University exhorted them to acquire higher qualifications, as in today's world, knowledge is power. Prospectus of MBA for working professionals and PhD in management (part time) was launched by the dignitaries on this occasion.

दैनिक भास्कर
रांची. शुक्रवार. 7 फरवरी, 2014 6

रांची

# एक्सपर्ट ने दिए प्रोफेशनल करियर बनाने के टिप्स




इक्फाई यूनिवर्सिटी में प्रोस्पेक्टस का विमोचन करते डॉ. केके नाग व अन्य।

भास्कर संवाददाता | रांची

इक्फाई यूनिवर्सिटी के परिसर, अशोक नगर में गुरुवार को सेमिनार हुआ। इसमें एक्सपर्ट द्वारा प्रोफेशनल करियर के संबंध में टिप्स दिए गए। वीसी प्रोफेसर ओएस राव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संबंधित विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर एमबीए और पीएचडी प्रोग्राम के प्रोस्पेक्टस का विमोचन किया गया।

रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ. केके नाग, बी त्रिवेदी, सीसीएल के महाप्रबंधक सीएस झा समेत अन्य ने विचार रखे। सेमिनार में मेकॉन, तसर अनुसंधान संस्थान और एचईसी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रभात खबर \ कैंपस

रांची, शुक्रवार, 7 फरवरी, 2014
www.prabhatkhabar.com


# इक्फाइ विवि : पाठ्यक्रम का विमोचन




एमबीए व पीएचडी पाठ्यक्रम का वर्ष 2014 के प्रोस्पेक्टस का विमोचन किया गया.

**रांची.** इक्फाइ विवि झारखंड द्वारा कार्यरत पेशेवरों की कैरियर उन्नति के लिए सतत शिक्षा पर समूह संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें बैंकिंग, अनुसंधान, दूरसंचार, उद्योग जगत तथा सरकारी कार्यालयों में कार्यरत पेशेवरों ने भाग लिया. एमबीए व पीएचडी पाठ्यक्रम का वर्ष 2014 के प्रोस्पेक्टस का विमोचन किया गया. रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ एए खान ने कहा कि विश्व में ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने आगंतुकों का स्वागत किया. रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने बताया कि कार्यरत पेशेवरों के लिए एमबीए पाठ्यक्रम दो वर्षों का है. पीएचडी के छात्रों को 10 दिनों की कक्षा में शामिल होना होगा. इसे तीन से छह वर्ष में पूरा कर सकते हैं. मौके पर डॉ केके नाग, बी त्रिवेदी, सीएस झा, एनके झा, प्रवीण काला, प्रो एस प्रसाद, प्रो मदन मौजूद थे.

खबर मन्त्र
रांची. शुक्रवार. 7 फरवरी. 2014



# इक्फाइ में विशेषज्ञों ने दिये करियर के टिप्स

**प्रोसपेक्टस का विमोचन**

सिटी रिपोर्टर

रांची। इक्फाइ यूनिवर्सिटी झारखंड कैंपस की तरफ से वर्किंग प्रोफेशनल्स के करियर डेवलपमेंट पर सेमिनार हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा में करियर तलाश रहे स्टूडेंटस को निदिशित करना है। इसमें बैंकिंग, रिसर्च, टेली कम्यूनिकेशन और इंडस्ट्री से जुड़े दिग्गजों ने भाग लिया। लोगों ने अपने अनुभव और कौशल के गुर को छात्रों से साझा किया। कार्यक्रम में इक्फाइ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एए खान, सीसीएल के बी त्रिवेदी, एसबीआइ की उपमहाप्रबंधक प्रवीणा काला ने सत्र 2014 के एमबीए और पीएचडी के प्रोसपेक्टस का विमोचन किया।




इक्फाई यूनिवर्सिटी कैंपस की ओर से आयोजित सेमिनार में प्रोस्पेक्टस का विमोचन करते अतिथि।

सन्मार्ग
रांची, शुक्रवार, 07 फरवरी 2014
www.sanmargjharkhand.com


ईक्फाई विवि में संगोष्ठी आयोजित

# कॅरियर ग्रोथ में उच्च शिक्षा सहायक : डॉ. एए खान




**वरीय संवाददाता**

**रांची** : ईक्फाई विश्वविद्यालय में गुरुवार को कार्यरत पेशेवरों के लिए कॅरियर उन्नति में सतत शिक्षा विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एए खान ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नौकरी, पेशा लोगों को अपने कॅरियर के उत्थान के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयासरत रहना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता में वृद्धि से आगे का मार्ग प्रशस्त होता है। जॉब में रहकर भी उच्च शिक्षा व अन्य पाठ्यक्रमों से संबंधित डिग्री प्राप्त की जा सकती है। यह कॅरियर ग्रोथ में काफी सहायक होता है। संगोष्ठी में ईक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि कार्यरत पेशेवरों के कॅरियर उत्थान में उच्च शिक्षा का काफी योगदान है। ईक्फाई विवि की झारखंड शाखा में एमबीए और मैनेजमेंट मे पीएचडी प्रोग्राम के पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पाठ्यक्रम को कार्यरत पेशेवरों की सुविधा के अनुसार बनाया गया है। इसका भरपूर लाभ अन्य नौकरी में रहते हुए भी उठाया जा सकता है। एमबीए और पीएचडी इन मैनेजमेंट (अंशकालिक) पाठ्यक्रम के बारे में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. केके नाग, बी त्रिबेदी (जीएम, सीसीएल), सीएस झा (जीएम, सीसीएल), एनके झा (इस्को के पूर्व चैयरमेन), प्रवीण काला (डिप्टी जीएम, एसबीआइ) सहित अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

रांची एक्सप्रेस
रांची, शुक्रवार 7 फरवरी 2014

# इक्फाई विवि में परिचर्चा, उच्च शिक्षा पर जोर

रांची, 6 फरवरी (रां.ए.सं.) : 'कार्यरत पेशेवरों के कैरियर उन्नयन के लिए सतत शिक्षा' विषय पर इक्फाई विश्वविद्यालय में आज सामूहिक परिचर्चा आयोजित की गयी। परिचर्चा में बैंकिंग, अनुसंधान, दूरसंचार, उद्योग जगत तथा सरकारी महकमें में कार्यरत पेशेवर शामिल हुए। कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कार्यरत पेशेवरों के कैरियर उन्नयन के मद्देनजर उच्च शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर एमबीए और पीएचडी के प्रॉस्पेक्टस (सत्र-2014) का भी विमोचन किया गया। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. ए.ए. खान ने उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विश्व में ज्ञान ही बड़ी शक्ति है। पूर्व कुलपति प्रो. के.के. नाग, सीसीएल के महाप्रबंधक बी. त्रिवेदी सहित सी.एस. झा, एन.के. झा व सुश्री प्रवीण कला इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।


एमबीए व पीएचडी प्रॉस्पेक्टस का विमोचन करते विशिष्टजन